**HALF YEARLY EXAMINATION 2021-2022**

**CLASS-8 SUBJECT-HINDI (2nd Language)**

**FULL MARKS:80 TIME:3 HOURS**

**This paper comprises of two sections: Section A and Section B.**

**Attempt all the Questions from Section A.**

**Attempt any four questions from Section B.**

**SECTION A(LANGUAGE) MARKS:40**

**QUESTION NO.1**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:- (15)**

i) 'देश का भविष्य विद्यार्थियों के हाथ में होता है।' कथन के आधार पर बताएँ कि देश के प्रति विद्यार्थियों के क्या कर्तव्य हैं?


ii) किसी आँखों देखी दुर्घटना का चित्रण कीजिए। जिसमें दुर्घटना का कारण दुर्घटना स्थल का दृश्य और आपके अनुभव हो?

iii) वर्तमान युग में मोबाइल फोन आज के जीवन की आवश्यकता बन गया है। इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए और बताइए कि मोबाइल फोन जीवन में सुविधा के साथ-साथ मुसीबत किस प्रकार बन जाता है?

iv) 'मनुष्य है वही जो मनुष्य के लिए मरे।' इस उक्ति को आधार बनाकर कोई मौलिक कहानी लिखिए।

Downloaded From www.icseboard.org

v) प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और उस चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



**Question no.2.**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:- (7)**

i) आपके मोहल्ले में बच्चों के खेलने के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है। नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखकर एक बाल उद्यान बनवाने की प्रार्थना कीजिए।

अथवा

ii) हॉस्टल में रहने वाली अपनी छोटी बहन को फैशन की ओर अधिक रुझान न रखने की सीख देते हुए पत्र लिखिए।

Downloaded From www.cbseboard.org

Question no.3.

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:-**

एक बार महाराज कृष्ण देव राय ने अपने राज्य का वार्षिक उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया। उसमें आसपास के राजाओं को भी आमंत्रित किया। सभी ने उन्हें कीमती उपहार दिए। उपहारों में चार कीमती फूलदान भी थे जो एक राजा ने दिए थे। महाराज को यह फूलदान इतने अधिक मन भाए कि उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए अलग से एक सेवक तैनात कर दिया और उसे आदेश दिया कि यदि फूल दानों के रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही हुई या वे टूट गए तो उसे मृत्युदंड दिया जाएगा।

वह सेवक दिन रात उसकी हिफाजत करता रहा। उन पर धूल भी नहीं लगने देता था लेकिन बदकिस्मती से एक दिन अचानक एक फूलदान उसके हाथ से छूटकर टूट गया। खबर सुनते ही महाराज आग बबूला हो गए और उन्होंने इस लापरवाह सेवक को आठवें दिन फांसी देने का हुक्म सुना दिया।

तेनालीराम को जब यह पता चला तो उन्होंने महाराज को समझाने की कोशिश की कि राम सिंह बीस वर्षों से उनकी सेवा में है। उसे इतने मामूली नुकसान का इतना कठोर दंड देना उचित नहीं है। महाराज ने उनकी एक न सुनी। वे अपना सा मुंह लेकर लौट आए लेकिन उन्होंने उस सेवक की प्राण रक्षा का संकल्प कर लिया। वे कारागार में गए सेवक से सारी बात की जानकारी ली और उसके कान में कुछ कह कर चले आए।

दिन तेजी से बीते और फांसी वाला दिन आ गया। उस दिन सभी फांसी गृह में एकत्रित हुए। महाराज अभी भी क्रोध में थे और सेवक को फांसी पर झूलता देखना

Downloaded From www.icseboard.org

चाहते थे। सेवक को फांसी के तख्ते पर चढ़ा दिया गया और तब जल्लादों ने उससे उसकी अंतिम इच्छा पूछी। सेवक ने कहा –"मैं बाकी बचे हुए फूलदान भी देखना चाहता हूँ, जिनकी वजह से मैं फांसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ ।"

महाराज की अनुमति से तीनों फूलदान उसके सम्मुख लाए गए। उसने आव देखा न ताव उन फूल दानों को जमीन पर पटक कर चूर - चूर कर दिया महाराज के क्रोध की सीमा न रही और उन्होंने दहाड़ते हुए कहा - "मूर्ख यह कीमती फूलदान क्यों तोड़ दिए तुमने। क्या मिला तुम्हें इन्हें तोड़कर?" "तीन निर्दोषों का जीवन महाराज" निर्भीकता से वह बोला- "जिस प्रकार मैं निर्दोष इन फूलदानों के कारण फांसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ, कभी न कभी मेरी तरह तीन और लोग भी फांसी पर चढ़ाए जा सकते थे। यह फूलदान मनुष्य के जीवन से अधिक कीमती नहीं है, महाराज।"

उसकी बात सुनकर उन्हें तुरंत आभास हो गया कि क्रोध में वे कैसा अनर्थ करने जा रहे थे। उन्होंने फौरन सेवक की फांसी स्थगित कर दी।

i) सेवक का क्या नाम था? उसे क्या काम सौंपा गया था? उस काम के साथ क्या शर्त जुड़ी हुई थी?(2)

ii) इस कहानी में महाराज को कितनी बार क्रोध आया और क्यों?(2)

iii) तेनालीराम क्या चाहते थे? उन्होंने अपने काम हो पूरा करने के लिए क्या प्रयास किया?(2)

iv) महाराज के पास फूलदान कब आए थे उन फूल दानों का क्या हश्र हुआ?(2)

v) सेवक को फूलदान तोड़ने का मौका कब मिला फूलदान तोड़कर सेवक को क्या मिला?(2)

**Question no.4.**

Downloaded From www.icseboard.org

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**

i) **निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए:- (1)**

पुरुष, कायर, भूखा ।

ii) **निम्नलिखित शब्दों में से दो शब्दों के विलोम लिखिए:-(1)**

आवश्यक उत्साह, गरीब, कपूत।

iii) **निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (1)**

उन्नति, उपाय, क्रोध, चतुर।

iv) **किन्हीं दो शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए।(1)**

जिसे करना आवश्यक हो, जिसका कोई शत्रु न हो, कष्ट सहन करने वाला

v) **निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए:- (1)**

कलई खुलना, आँखें फेर लेना ।

vi) **कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए:- (3)**

क) बच्चे नहीं सोएँगे।( भाव वाच्य में बदलो)

ख) विद्यार्थियों ने एक निबंध लिखा।( वर्तमान काल में बदलिए )

ग) मेरी माँ के पास एक सुन्दर हार है।( संयुक्त वाक्य में बदलिए )

**SECTION B(Literature) MARKS:40**

Downloaded From www.icseboard.org

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें, प्रत्येक भाग से दो-दो प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

**गद्य भाग(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए)**

**Question no 5.**

**" ईश्वर सब द्वार एक साथ  बंद नहीं करता यदि एक द्वार बंद करता भी है तो दूसरा द्वार खोल भी देता है?"**

i) डॉक्टर चंद्रा किस आयु में तथा किस बीमारी का शिकार  हुई?(2)

ii) डॉक्टर चंद्रा की मां को कौन सा पुरस्कार मिला और क्यों?(2)

iii डॉक्टर चंद्रा को मेडिकल में प्रवेश क्यों नहीं मिला ।(3)

iv) उपर्युक्त पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ।(3)

**Question no.6.**

**"गांव और शहर दोनों ही एक दूसरे के सहयोगी तथा पूरक है ।"**

i) यह कथन कौन किससे और कब कहता है?(2)

ii) गांव के लोग शहरों की ओर पलायन क्यों कर रहे हैं?(2)

iii) बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों का वर्णन करें।(3)

iv) गांव और शहर एक दूसरे के पूरक हैं ।कैसे?(3)

**Question no 7**

**" इस पत्ते ने मुझे सिखा दिया कि जीवन में हिम्मत और संघर्ष ही सब कुछ है।"**

i) इस कथन के वक्ता और श्रोता कौन है? दोनों का परिचय दीजिए।(2)

Downloaded From www.icseboard.org

ii) खिड़की के बाहर वक्ता क्या देखा करती थी और क्यों?(2)

iii) उस दिन जानसी खुशी से उछल क्यों पड़ी?(3)

iv) अंगूर के आखिरी पत्ते ने जानसी को क्या सिखा दिया?(3)

**पद्य भाग(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए)**

**Question no 8.**

**"हम पंछी उन्मुक्त गगन के**
**पिंजरबद्ध न गा पाएंगे**
**कनक तीलियों से टकराकर**
**पुलकित पंख टूट जाएंगे।"**

i) पंछी कहां नहीं गा पाएंगे और क्यों?(2)

ii) पिंजरे में पंख फैलाने से पक्षियों की क्या दशा होती है?(2)

iii) स्वादिष्ट व्यंजन खाने की अपेक्षा पंछी क्या खाना पसंद करते हैं और क्यों?(3)

iv) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता से क्या संदेश मिलता है?(3)

**Question no 9.**

**" स्वर्ण श्रृंखला के बंधन में**
**अपनी गति उड़ान सब भूले**
**बस सपनों में देख रहे हैं**
**तरु की फुनगी पर के झूले।"**

Downloaded From www.icseboard.org

i) पंछी किस बात का सपना देख रहे हैं?(2)

ii) पंछी अपनी उड़ान क्यों भूल गए हैं?(2)

iii) उन्मुक्त उड़ने के लिए पंछी किन-किन सुविधाओं का त्याग करना चाहता है?(3)

iv) पंछियों की इच्छा क्या है?(3)

**Question no.10**

**जिसके सिर पर निज धरा हाथ**

**उसके सिर रक्षक कोटि हाथ।**

i) 'कोटि' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है और क्यों?(2)

ii) करोड़ों हाथ रक्षक कब बन जाते थे?(2)

iii) लोग गांधी जी से प्रेरित होकर क्या करते थे?(3)

iv) गांधी जी को युग परिवर्तक क्यों कहा गया है?(3)

Downloaded From www.rseboard.org

**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**